कल्ला ने कमजोर आय वर्ग के 1 हजार 64 परिवारों को फ्लैट्स की चाबी सौंपी

बीकानेर में शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने कमजोर आय वर्ग के लोगों को फ्लैट की चाबी सौंपी।

■ कोटा से वर्चुअल माध्यम से जुड़े नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री शांति धारीवाल ने इस आवासीय योजना को जनता को समर्पित किया

बीकानेर,(कासं)। कमजोर आय वर्ग के 1 हजार 64 परिवारों को बुधवार को स्वर्ण जयंती विस्तार नगर योजना में नगर विकास न्यास द्वारा बनाये गए फ्लैट्स की चाबी सौंपी गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कोटा से वर्चुअल माध्यम से जुड़े नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग मंत्री शांति धारीवाल ने इस आवासीय योजना को जनता को समर्पित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कमजोर वर्ग के लिए मकान बहुत बड़ा सपना होता है। राज्य सरकार गरीब और वंचितों के कल्याण को प्राथमिकता पर रखकर उनके घर के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन आवास योजना में नगर विकास न्यास के माध्यम से करीब 43 करोड़ रुपए व्यय कर ये फ्लैट्स बनाये गए हैं। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि बीकानेर में आवास से वंचित कमजोर वर्ग के और लोगों को लाभान्वित करने के लिए घडसीसर में भी नगर विकास न्यास द्वारा 792 आवास बनाए जाने प्रस्तावित हैं।

धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सुनियोजित विकास और जनहित के उत्थान के लिए निरन्तर प्रयासरत है। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने समस्त आवंटियों को गणेश चतुर्थी के अवसर पर घर मिलने की बधाई देते हुए कहा कि खुद का घर बनाना जीवन के सबसे बड़े संघर्षों में एक है।

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री जन आवास योजना के माध्यम से ईडब्लयूएस वर्ग के 512 परिवारों को डेढ़ लाख रुपए की सब्सिडी देकर मात्र 3 लाख रुपए में (300 वर्ग फीट) तथा एलआईजी के 552 फ्लैट (500 वर्ग फीट) प्रति फ्लैट मात्र 5 लाख 10 हजार रुपए में उपलब्ध करवाया है। इस योजना के तहत समस्त मूलभूत सुविधाओं के साथ सुरक्षा आदि के भी पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। डॉ कल्ला ने कहा कि हर व्यक्ति को अपना घर मिले, यह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी सपना है। इसे साकार करने के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की प्रशासन शहरों के संग तथा प्रशासन गांव के संग अभियान से लाखों लोगों को लाभ हुआ।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बीकानेर को स्मार्ट सिटी घोषित करते हुए आधारभूत ढांचे के विकास के लिए 200 करोड़ रुपए व्यय करने की घोषणा की है। इसके साथ ही बीकानेर पूर्व और पश्चिम में सड़क निर्माण कार्य के लिए भी अलग से 10-10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। मुक्ता प्रसाद और गंगाशहर में दो यूसीएचसी बनाए जा रहे हैं। यहां दानदाताओं की मदद से 40 करोड़ रुपए की लागत से पीबीएम अस्पताल में मेडिसन विंग तैयार करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी।

डॉ भीमराव अम्बेडकर फाउंडेशन के महानिदेशक मदन गोपाल मेघवाल ने कहा कि घर, व्यक्ति के लिए गरिमा पूर्ण जीवन जीने की आवश्यकता है और 1064 परिवारों को बेहद कम कीमत में घर उपलब्ध करवाकर सरकार ने इन वंचित, कमजोर वर्ग के लोगों में आत्मविश्वास जगाया है।

नगर विकास न्यास सचिव यशपाल आहूजा ने योजना की जानकारी दी तथा सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर विकास न्यास के अधीक्षण अभियंता सुरेश बेनीवाल, तहसीलदार कालूराम परिहार, सहायक सचिव मक्खन आचार्य अधिशासी अभियंता राजीव गुप्ता, वंदना शर्मा, रेखा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गणेश कलवानी ने किया। शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला के हाथों अपने फ्लैट की चाबी लेने पहुंचे लोगों की आंखों में खुशी नजर आई। जस्सू कंवर ने बताया कि वह वर्षों से किराये के मकान में रह रही थी। आज खुद के फ्लैट की चाबी मिलने पर वह अपने घर में रहने की कल्पना कर के ही बहुत खुश हैं। यहां ना उन्हें हर माह किराया चुकाने की चिंता है ना ही मकान मालिक की रोक टोक की। जस्सू कंवर ने इस आवंटन पर सरकार का आभार प्रकट किया।

पत्नी ने ईंट से पति का सिर फोड़ा

हनुमानगढ़, (कासं)। पत्नी ने ईंट से वार कर पति का सिर फोड़ दिया। घायल युवक को उसके माता-पिता ने अस्पताल में भर्ती करवाया। गांव बन्नासर निवासी पीड़ित युवक ने पत्नी से जान को खतरा बताते हुए पल्लू पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है।

हैड कांस्टेबल बंशीलाल ने बताया कि दिनेश (24) पुत्र देवानन्द धानक निवासी बन्नासर ने अपने पिता देवानन्द पुत्र भादरराम धानक निवासी वार्ड 25, रावतसर हाल ढाणी मायला के साथ थाने पहुंच मुकदमा दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी पिंकी झगड़ालू किस्म की है, जो उसके साथ लड़ाई-झगड़ा करती रहती है। 28 अगस्त को रात में वह और उसकी पत्नी छत पर सो रहे थे। करीब 11 बजे जब वह चारपाई से उठने लगा तो उसकी पत्नी पिंकी ने जान से मारने के लिए उसके सिर पर ईंट से वार कर दिया। इससे उसका सिर फट गया। वह चिल्लाया तो आस-पड़ौस के लोग भागकर आए और उसके माता-पिता को सूचना दी।

इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए पल्लू लेकर गए और उसका इलाज शुरू करवाया। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। दिनेश ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी अभी भी उसे जान से मारने और स्वयं को नुकसान पहुंचाकर उसे और उसके माता-पिता को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। उसे और उसके माता-पिता को डर है कि अगर उसकी पत्नी को नहीं रोका गया और मुकदमा दर्ज नहीं करवाया गया तो वह कोई न कोई वारदात कर सकती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की।

सार-समाचार

पूनरासर धाम के लिए जत्था रवाना

बीकानेर, (कासं)। पूनरासर पैदल यात्रियों की सेवा के लिए संजीवनी सेवा समिति के सेवा जत्थे को बुधवार को शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने डागा चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. कल्ला ने कहा कि संस्था द्वारा सन 2001 से पैदल यात्रियों के लिए निश्चल भाव से सेवा कार्य किया जा रहा है, यह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि पूनरासर हनुमान जन-जन की आस्था का केन्द्र है। यहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए जाते हैं। संस्था के अध्यक्ष हेमंत रंगा ने बताया कि संस्था द्वारा नोरंगदेसर से एक कि.मी. पहले गौड़ कृषि फार्म पर सेवादारों द्वारा चाय, नाश्ता, भोजन, मेडिकल की सेवा की जाती है। इस दौरान केदारनाथ सारस्वत, संजय जोशी, रोहित शर्मा, अशोक सुथार, ऋषि जोशी, हिमांशु शर्मा, हरिप्रकाश सुथार, राजकुमार सुथार, विष्णु व्यास, नत्थूराम मौजूद थे।

ट्रक की टक्कर से कार सवार की मौत

नोखा, (कासं)। ट्रक की टक्कर से वरना कार सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। जिससे गंभीर अवस्था में बीकानेर पीबीएम अस्पताल भर्ती करवाया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता वार्ड नंबर 26 निवासी मुमताज अली ने ट्रक चालक के खिलाफ गलत तरह से ट्रक चलाकर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए नोखा थाने में मामला दर्ज करवाया है। जिसमें बताया कि मेरा लड़का मुस्तफा (20) जो गाड़ियों की इंजन रिपेयरिंग का कार्य करता था। 30 अगस्त को सुबह 11 बजे के आसपास मृतक मुस्तफा कार में नोखा से नागौर की तरफ जा रहा था। इस दौरान अशोका लीलेंड एजेंसी के पास ट्रक नागौर की तरफ से तेज गति व लापरवाही से चलता हुआ आया व अपनी साइड में चलती हुई कार को टक्कर मारी दी। जिससे हादसे में कार चालक मुस्तफा के गंभीर चोटें आई तथा कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मृतक मुस्तफा को घायल अवस्था में बागड़ी अस्पताल लाया गया जहां से चिकित्सकों ने बीकानेर पीबीएम अस्पताल भर्ती कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

मां आशापुरा का मेला 3 से

बीकानेर,(कासं)। पोकरण स्थित मां आशापुरा माता का मेला 3 से 6 सितम्बर तक होगा। मेले के लिए 3 सितम्बर को सुबह 8 बजे बी के स्कूल के आगे से बसों की रवानगी होगी। यह जानकारी देते हुए आशापुरा भंडारा धर्मशाला के अध्यक्ष राजेश कुमार बिस्सा ने बताया कि मेले के अवसर पर धर्मशाला की ओर से चाय ,भोजन, ठंडे पानी व यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की जायेगी। गिरिराज बिस्सा ने बताया कि मेले के अवसर पर बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर, दिल्ली, मद्रास, कोलकाता, अहमदाबाद और सूरत से भी भक्त दर्शनार्थ आते हैं। उन्होंने बताया कि बीकानेर से मां आशापुरा के लिए पैदल जाकर दर्शन करने वाले यात्री 3 तारीख की शाम को मां के दरबार में पहुंच कर दर्शन करेंगे जहां सेवा समिति के द्वारा उनका स्वागत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 18 वां विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। नवमी तिथि को 11:56 पर भांग प्रेमियों के लिए भांग का छणाव भी होगा। जिसमें बीकानेर जोधपुर जैसलमेर सहित देश के अन्य स्थानों से आते भांग प्रेमी विजया का आनंद लेंगे। आशापुरा भंडारा धर्मशाला अध्यक्ष राजेश कुमार बिस्सा ने बताया कि इस बार भंडारा संचालित करने के लिए राजकुमार बिस्सा एवं गोपाल व्यास को संयोजक बनाया गया है। बिस्सा ने बताया कि मेले के अवसर पर 9 एवं 10 सितम्बर की रात्रि को जागरण होगा जिसमें बीकानेर एवं जैसलमेर के नामचीन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी।

कलेक्टर ने देखा कबड्डी का फाइनल

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बुधवार को नौरंगदेसर में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल के तहत आयोजित महिला एवं पुरूष कबड्डी के फाइनल मैच का अवलोकन किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने खिलाड़ियों का परिचय लिया तथा फाइनल मैच के लिए उन्हें शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया। जिला कलेक्टर ने कहा कि देश में पहली बार ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न खेलों का आयोजन करवाया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों से खेल प्रतिभाएं उभरकर आयेंगी तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना रखने एवं उत्साह के साथ खेल में भाग लेने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है। सभी खिलाड़ी खेल के दौरान खेल भावना रखें। उन्होंने कहा कि खेल से खिलाड़ी का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि इन खेलों से ग्रामीण क्षेत्र में युवा पीढ़ी का खेल के प्रति रूझान बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्र भी खेल के क्षेत्र में विकास की ओर अग्रसर होगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य, उ.प.रेलवे बीकोनर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं पुनः आमंत्रित करते है। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : 22.09.2022 को 15.00 बजे तक 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : 22.09.2022 को 15.00 बजे के बाद निविदा सं.:03-इलैक-बीकेएन-ई-निविदा-22-23 आर कार्य का विवरण : Rewiring of Railway staff quarters and service buildings over Bikaner division. अनुमानित लागत : रू. 12871765.00 धरोहर रूपये : रू. 214400.00 निविदा दस्तावेज लागत : शून्य 687-DG/22

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

नाम परिवर्तन

मैं इमरान अली पुत्र यासीन अली जाति मुसलमान उम्र 22 वर्ष निवासी वल्लभ गार्डन बीकानेर का हूं मेरी 10वीं की अंकतालिका में मेरी माता का नाम सजदा शेख लिखा हुआ है जो सही है। मेरे पासपोर्ट में मेरी माता का नाम साजिदा लिखा हुआ है। भविष्य में मेरी माता को सजदा शेख के नाम से ही जाना पहचाना जावे।

चार नए दवा वितरण केन्द्र इसी सप्ताह खुलेंगे

बीकानेर, (कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल जाने वाले मरीजों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें निशुल्क दवा वितरण केन्द्रों पर दवा लेने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हार्ट, कैंसर, बच्चा और ईएनटी हॉस्पिटल में आगामी एक सप्ताह में एक-एक दवा वितरण केन्द्र और खोल दिए जायेंगे। चार दवा वितरण केन्द्र खुलने से करीब एक हजार मरीजों को रोजाना फायदा मिलेगा। हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट डॉ. प्रमोद कुमार सैनी ने बताया कि राज्य सरकार ने 36 नए दवा वितरण केन्द्र स्वीकृत किए हैं। इनमें से चार केन्द्रों को आगामी एक सप्ताह में खोल दिया जायेगा। शेष की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद कार्रवाई की जायेगी। सुपरिटेंडेंट डॉ. सैनी ने बताया कि जिन स्थानों पर नए दवा वितरण केन्द्र खोले जा रहे हैं, वहां पहले से मरीजों को दवाईयां उपलब्ध हो रही है।

झोरड मामले में सात पुलिसकर्मी निलंबित

■ पुलिस प्रताड़ना से घड़साना में बार संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह झोरड़ ने आत्महत्या कर ली थी

■ प्रदर्शनकारी और प्रशासन के बीच हुआ समझौता

अनूपगढ़,(कासं)। घड़साना में सोमवार को बार संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय सिंह झोरड़ के द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी। सोमवार और मंगलवार को घड़साना के लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया था। देर शाम प्रशासन और आंदोलनकारियों के मध्य समझौता हुआ था। इस समझौते में दर्ज मामले में नामजद पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मुख्य मांग रखी गई थी। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने सात पुलिसकर्मियों को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार घड़साना पुलिस थाने में 1 मई 2022 को विभिन्न धाराओं में पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले के अनुसार पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने पुलिस निरीक्षक मदनलाल थानाधिकारी घड़साना, पुलिस निरीक्षक सुरेंद्र पचार, अपराध शाखा, उप निरीक्षक पृथ्वीराज बिश्नोई पुलिस थाना घड़साना, उप निरीक्षक कल्पना पुलिस थाना घड़साना,सहायक उप निरीक्षक कमल मीणा, हैड कांस्टेबल बंसीलाल, कांस्टेबल जगमोहन को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। इन सभी पुलिसकर्मियों का निलंबन काल मुख्यालय रिजर्व पुलिस लाइन श्रीगंगानगर रहेगा।

जेल में मिला मोबाइल : गंगानगर, (कासं)। सेंट्रल जेल में पानी के होद के पास किसी व्यक्ति ने बाहर से की-पैड मोबाइल, चार्जर और अन्य सामान पार्सल बनाकर फैंक दिया। पार्सल जेल के पीछे की दीवार से फैंका गया था। पुलिस ने सामान बरामद कर आरोपियों की तलाश शुरू की। देर रात जेल प्रहरी ने इस संबंध में कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया। जेल से मिली जानकारी के अनुसार शाम करीब छह बजकर पचास मिनट पर जेल के पीछे की दीवार की तरफ से जेल में पानी के होद के पास एक पैकेट आकर गिरा। उस समय ड्यूटी पर प्रहरी रोहिताश महावर था। उसने पैकेट को कब्जे में लिया तथा इसकी जानकारी जेल प्रशासन को दी। जेल सुपरिंटेंडेंट के सामने पैकेट खोला गया।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100440 **लोक सूचना** दिनांक : 31.8.2022

श्री अनंत राम पुत्र श्री हरी सिंह निवासी वार्ड नं. 2, 21, एमएल, गणेशगढ़, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यावसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 4 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री अनंत राम पुत्र श्री हरी सिंह	चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 15 के किला नं. 19/2 में 0.062 हैक्टे. में से 0.061 हैक्टे. किला नं. 20/1 में 0.046 हैक्टे. यथाकुल 0.107 हैक्टेयर	कुल 0.107 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 31.8.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100439 **लोक सूचना** दिनांक : 31.8.2022

श्रीमती वर्षा गिरी पत्नी श्री नीरज गोस्वामी निवासी म. नं. 91, गली नं. 02, हनुमान चौक, 5 ई (रूरल), श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का संस्थानिक (हॉस्पीटल) प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 4 ए छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्रीमती वर्षा गिरी पत्नी श्री नीरज गोस्वामी	चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 50 के किला नं. 16/1 में 0.1265 है. में से 0.074 हैक्ट. किला नं. 25/3 में 0.114 है. यथाकुल 0.188 हैक्टेयर	कुल 0.188 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 31.8.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100438 **लोक सूचना** दिनांक : 31.8.2022

श्री मुकेश कुमार जांगिड़ पुत्र श्री महावीर प्रसाद जांगड़ि निवासी 69-70, पानी की टंकी के पास, 7 डी जवाहर नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 4 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री मुकेश कुमार जांगिड़ पुत्र श्री महावीर प्रसाद जांगिड़	चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 46 के किला नं. 1/2 में 0.207 हैक्टेयर में से 0.0843 हैक्टेयर	कुल 0.0843 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 31.8.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100437 **लोक सूचना** दिनांक : 31.8.2022

श्री मुकेश कुमार जांगिड़ पुत्र श्री महावीर प्रसाद जांगड़ि निवासी 69-70, पानी की टंकी के पास, 7 डी जवाहर नगर, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

क्र.सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं./भूमि का विवरण	क्षेत्रफल (हैक्टेयर)
1	चक 4 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर	श्री मुकेश कुमार जांगिड़ पुत्र श्री महावीर प्रसाद जांगिड़	चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 46 के किला नं. 1/2 में 0.207 हैक्टेयर में से 0.0843 हैक्टेयर	कुल 0.0843 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 31.8.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

गणपति प्रतिमा की स्थापना

बीकानेर,(कासं)। गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य के निवास स्थान पर पूना की लाल रंग की शाडू मिट्टी से निर्मित गणपति प्रतिमा की धूमधाम से स्थापना के साथ ही गणेश उत्सव का शुभारंभ किया गया।

भाजपा नेता डॉ. आचार्य ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझते हुए गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी अहमदाबाद से मंगवाई गई पूर्णत: मिट्टी से निर्मित इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। भाजपा जिला मंत्री और मीडिया प्रभारी मनीष आचार्य ने बताया कि अनन्त चतुर्दशी तक चलने वाले गणेश उत्सव में गणपति प्रतिमा का प्रतिदिन थीम आधारित नया श्रृंगार और धार्मिक आयोजन होंगे।

ट्रांसफर में इस तरह का भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा : राठौड़

■ राजेन्द्र राठौड़ ने हनुमानगढ़ टाउन में प्रेस वार्ता में ये बात कही

हनुमानगढ़, (कासं)। विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश की लूट और झूठ की सरकार ने अपनी एक भी घोषणा को पूरा नहीं किया है।

विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में लूट और झूठ की सरकार है। बजट में जितनी भी घोषणाएं हुई, उनमें से एक को भी सरकार अमलीजामा नहीं पहना सकी। जन घोषणा पत्र में की गई कर्जमाफी, बेरोजगारी भत्ता और संविदाकर्मियों को नियमित करने की बात सरकार पूरा नहीं कर पाई है। राठौड़ ने यह बात बुधवार को टाउन में प्रेस वार्ता में कही।

राठौड़ ने कहा कि राजधानी से लेकर हनुमानगढ़ तक अलग-अलग ब्रोकर टीचर ट्रांसफर करवा रहे हैं। ट्रांसफर के मामले में इस तरह का भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की चाहे इंदिरा रसोई बढ़ाने की बात हो या नंदीशाला खोलने की बात हो, शहरी क्षेत्र में सड़क बनाने की बात हो, नहरी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 9 हजार करोड़ रुपये देने की बात हो, सारी योजनाएं धरती पर नहीं आई। सरकार चौथा बजट पेश करने जा रही है। नवम्बर में गहलोत सरकार चार वर्ष पूर्ण कर लेगी परंतु सरकार की योजनाएं अभी भी अधरझूल में हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को पूर्णतया विफल करार देते हुए कहा कि चिरंजीवी योजना के नाम पर सरकार 1 करोड़ 35 लाख महिलाओं को स्मार्टफोन देने की बात कही है। इसमें 12 हजार करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान है। राठौड़ ने कहा कि जब पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने भामाशाह योजना शुरू की थी। उस समय कांग्रेस ने भामाशाह कार्ड पर तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की फोटो लगाने पर बवाल मचाया था। जगह-जगह प्रदर्शन किए गए, लेकिन इन स्मार्टफोन में जो एप्लीकेशन इंस्टॉल किए गए हैं।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:-भूवि/2022/279 दिनांक:-30.8.22

उजरदायरी

नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की सद्भावना नगर योजना में आवंटित भूखण्ड सं.3-ई-19 माप 39'-0" गुणा 69'-0" फीट को श्रीमती पूर्णिमा शर्मा पत्नी श्री रमेश कुमार शर्मा को आवंटित किया जा कर नियमानुसार 99 सालाना पट्टा दिनांक 17.07.2009 द्वारा जारी किया है। श्रीमती पूर्णिमा शर्मा पत्नी श्री रमेश कुमार शर्मा की मृत्यु दिनांक 10.11.2020 को होने के उपरान्त इनके वारिसान श्री रमेश कुमार शर्मा (पति) पीयूष शर्मा (पुत्र) एवं मयंक शर्मा (पुत्र) में पीयूष शर्मा (पुत्र) एवं मयंक शर्मा (पुत्र) द्वारा श्री रमेश कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र शर्मा ने हकत्याग किया गया है। श्री रमेश कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र शर्मा निवासी सी-2, रायल सिटी, सद्भावना नगर, जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रार्थना पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आवेदन पत्र, मय दस्तावेज की प्रतियां संलग्न कर न्यास योजना सदभावना नगर के भूखण्ड संख्या 3-ई-19 माप 39'-0"गुणा 69'-0" फीट का फ्री होल्ड पट्टा जारी करवाने हेतु निवेदन किया है। यह उजरदायरी साया करते हुए हर आम व खास हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का पट्टा जारी किये जाने के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदायरी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबुत न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नही होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा श्री रमेश कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र शर्मा निवासी सी-2, रायल सिटी सद्भावना नगर, जिला श्रीगंगानगर के नाम से जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सचिव नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक - भूवि/2022/271 **उजरदायरी** दिनांक- 25-8-22

नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की विद्युत नगर योजना में निलामी द्वारा व्यवसायिक भूखण्ड/दुकान सं. 03 माप 10'-0" गुणा 20'-0" फीट, श्रीमती अनिता वर्मा पत्नी श्री मनीराम वर्मा को विक्रय की गई थी। अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश संख्या-2, श्रीगंगानगर में वाद बाबत व्यावहारिक (सिविल) मृत्यु की घोषणा बाबत मूल दीवानी प्रकरण सं. 07/2019 एवं सीआईएस नम्बर 11/2019 में पारित निर्णय दिनांक 24.05.2022 अनुसार श्रीमती अनिता वर्मा की मृत्यु दिनांक 15.01.2019 को घोषित की गई है। मृतका के पति श्री मनीराम वर्मा पुत्र श्री हरीराम निवासी मकान नं. सी-28 पंजाबी बाग-सैकिण्ड निरंकारी भवन के पीछे, चक 7 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश संख्या-2, श्रीगंगानगर में वाद बाबत व्यावहारिक (सिविल) मृत्यु की घोषणा की प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति व वारिसान प्रमाण पत्र की प्रति व उक्त भूखण्ड के संबंध में वारिसानों द्वारा पंजीकृत दस्तावेज रिलीज डीड (दस्तबरदारी) की प्रति संलग्न कर उक्त व्यावसायिक भूखण्ड/दुकान सं. 03 माप 10'-0" गुणा 20'-0" फीट का अपने नाम से नामान्तरण/नवीन फ्री होल्ड पट्टा जारी किये हेतु निवेदन किया गया है।

यह उजरदायरी साया करते हुए हर आम व खास, हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरेक्त वर्णित भूखण्ड का पटटा/नामान्तरण जारी किये जाने के संबंध में अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश संख्या-2, श्रीगंगानगर में वाद बाबत व्यावहारिक (सिविल) मृत्यु की घोषणा में पारित निर्णय व वारिसान प्रमाण पत्र एवं पंजीकृत दस्तबरदारी के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदायरी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबुत न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नहीं होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त भूखण्ड का पटटा/नामान्तरण श्री मनीराम वर्मा पुत्र श्री हरीराम निवासी मकान नं. सी-28 पंजाबी बाग-सैकिण्ड निरंकारी भवन के पीछे, चक 7 ई छोटी, श्रीगंगानगर के नाम से जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कलेक्टर ने रानी बाजार अंडरब्रिज की प्रगति का जायजा लिया

बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने रानी बाजार रेल अंडरब्रिज कार्य का मौका मुआयना किया।

■ रेल ब्लॉक मिलते ही शुरू होगा रानी बाजार अंडरब्रिज का कार्य

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर एवं नगर विकास न्यास अध्यक्ष भगवती प्रसाद कलाल ने बुधवार को रानी बाजार स्थित रेलवे अंडरब्रिज की प्रगति और क्षतिग्रस्त सड़कों के पेचवर्क कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर विकास न्यास तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी साथ थे।

जिला कलेक्टर ने रानी बाजार रेलवे फाटक पर स्वीकृत रेल अंडरब्रिज के संबंध में यूआईटी सचिव से अब तक हुई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि यूआईटी अधिकारी, रेलवे के अधिकारियों से समन्वय कर, अंडरब्रिज के लिए रेल ब्लॉक लेने की कार्यवाही करें। उन्होंने अधिकारियों से जाना कि रेल ब्लॉक लेने के बाद कितने समय में अंडरब्रिज के ब्लॉक लगा दिए जायेंगे।

न्यास सचिव यशपाल आहूजा ने बताया गया कि न्यास द्वारा रेल प्रशासन को पत्र भेजकर दो आठ आठ घंटे के हिसाब से दो टुकड़ों में रेल ब्लॉक मांगा गया है। उन्होंने बताया कि इस अंडर ब्रिज पर 4 रेलवे लाइन हैं। पहले रेल ब्लॉक के दौरान दो रेल लाइन के नीचे ब्रिज का कार्य होगा। इस कार्य की शुरूआत अम्बेडकर सर्किल की ओर से की जायेगी। जिला कलेक्टर ने बताया कि नगर विकास न्यास इस कार्य पर 546 लाख रुपये खर्च करेगा। नगर विकास न्यास ने अंडर ब्रिज तैयार से संबंधित पूरी तैयारी कर ली है।

अंडरब्रिज के लिए ब्लॉक, 12 एल टाइप रिटर्निंग वॉल और अंडर स्लैब तैयार कर लिए गए हैं। सहायक अभियंता उस्मान ने बताया कि रेल ब्लॉक मिलते ही दो रेलवे लाइन के नीचे अंडर ब्रिज का कार्य 8 घंटे में पूरा कर लिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 8-8 घन्टे के दो रेल ब्लॉक मांगे गए हैं। अण्डर ब्रिज पर आने-जाने का रास्ता रखा गया है। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सड़कों के पेचवर्क की प्रगति जानी और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को क्षतिग्रस्त सड़कों का पेचवर्क शीघ्र करवाने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियन्ता मुकेश गुप्ता ने बताया कि 8 सड़कों का पेचवर्क कार्य पूरा कर लिया गया हैं।

21 बीएलओ होंगे पुरस्कृत

बीकानेर,(कासं)। शत प्रतिशत मतदाता पहचान पत्रों को सबसे पहले आधार से लिंक करने वाले 21 बीएलओ को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि मतदाता पहचान पत्रों को आधार से लिंक करने का अभियान एक अगस्त से संचालित किया जा रहा है। जिले के 1 हजार 580 मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा यह कार्य किया जा रहा है। जिन 21 बीएलओ द्वारा अपने मतदान केन्द्र पर शत-प्रतिशत मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र आधार से लिंक सबसे पहले करवा दिया जायेगा, उन्हें जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा। आधार लिंक करने का यह अभियान 31 मार्च तक चलेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 17 लाख 8 हजार 496 पंजीकृत मतदाताओं में से अब तक 9 लाख 49 हजार 947 मतदाताओं का मतदाता पहचान पत्र आधार से लिंक कर दिया गया है।